**Date: August 29, 2026**

| To,<br>Dept. of Corporate Services-Listing Department<br>Bombay Stock Exchange Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Tower,<br>Dalal Street, Mumbai – 400 001<br>Scrip Code: 543929 | To,<br>Listing Department<br>The National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,<br>Bandra, Mumbai – 400 051<br>Scrip Code: HMAAGRO |
|---|---|

**Sub: Newspaper Advertisements regarding Completion of Dispatch of Notice of the 18th Annual General Meeting ('AGM') of the Company as per Regulation 30 read with Schedule III and Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the provisions of Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of Newspaper Advertisement published in Financial Express (English) and Hindustan (Hindi) on 28th August, 2026, in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, relating to 18th Annual General Meeting (AGM) of the Company scheduled to be held on Friday 18th September, 2026, through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means facility and Information on E-voting and other related information.

You are requested to take the above intimation on record and acknowledge the receipt.

**For HMA Agro Industries Limited**

Gulzar Ahmad
Digitally signed by Gulzar Ahmad
Date: 2026.08.29 13:52:23 +05'30'

**Gulzar Ahmad**
**Chairperson and Managing Director**

**Encl:** Copy of Newspaper Advertisements.

कलुआराम से व्यापार बंद करने वाले 14 व्यापारी मंडी सचिव से मिले, रखा अपना पक्ष

# कलुआराम मंडी पर फिर घमासान 14 व्यापारियों ने सचिव को घेरा

**शिकंजा**

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** कलुआराम मंडी की अधिसूचना निरस्त कराने के लिए आंदोलित व्यापारियों ने अब हर मोर्चे पर शिकंजा कस दिया है। उनके पक्ष में कलुआराम मंडी से व्यापार बंद कर आए व्यापारी भी उतर आए हैं। उन्होंने गुरुवार को मंडी सचिव से मुलाकात की और अपनी दुकानें निरस्त करने की कार्रवाई रोकने की मांग की। साथ ही दावा किया कि जब तक कलुआराम मंडी की अधिसूचना निरस्त नहीं होती है तब तक नवीन फल-सब्जी मंडी बरौली अहीर का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने विशेष सचिव द्वारा जारी विधि विरुद्ध पत्र को निरस्त कराने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजने की मांग की। मंडी सचिव ने आश्वस्त किया कि वह जिला प्रशासन को आख्या बनाकर भेजेंगे।

बता दें कि बसई की कलुआराम मंडी उपस्थल की अधिसूचना निरस्त कराने और बरौली अहीर की नवीन फल-सब्जी मंडी में व्यापार शुरू कराने के लिए व्यापारी आंदोलित हैं। वे दो बार कुल 32 दिनों तक धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रशासन से लिखित समझौते के बाद उन्होंने धरना स्थगित किया है। गुरुवार को मंडी सचिव के कार्यालय में बरौली अहीर मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ 14 व्यापारी पहुंचे। उन्होंने मंडी सचिव के नोटिस का लिखित जवाब दिया।

व्यापारियों ने जवाब में लिखा कि वे कलुआराम मंडी और उसके बाहर से व्यापार पूरी तरह बंद कर चुके हैं। उन्होंने बरौली अहीर में अपनी दुकानें खोल ली हैं और माल भी मंगवा लिया है। ग्राहक नहीं आने के कारण कच्चा माल खराब हो रहा है। उनका कहना है कि माल की बिक्री नहीं होने का बड़ा कारण कलुआराम मंडी का संचालन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में बैठने वाले लोगों से मोटी धनराशि ली गई है। चार बाई चार के फड़ में व्यापार करने वाले लोग एडवांस में लाखों रुपये दे चुके हैं। खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है। जबकि कलुआराम मंडी उपस्थल में किसी नियम का पालन नहीं हो रहा है।

**विशेष सचिव का पत्र निरस्त कराने को भेजें आख्या:** मंडी सचिव से मिले व्यापारियों ने मांग की कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा 12 जून 2026 को जारी पत्र को निरस्त कराने के लिए शासन को आख्या भेजी जाए। व्यापारियों का कहना है कि पत्र में यह स्पष्ट किया जाए कि कलुआराम की मृत्यु के बाद कलुआराम मंडी उपस्थल की अधिसूचना विधि के सिद्धांतों के अनुसार स्वतः निरस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पत्र के अनुपालन में केवल रामवती के नाम प्रक्रिया चल रही है।


बरौली मंडी में खरीदार न होने से सड़े माल की छटाई की जा रही है। • हिन्दुस्तान

### शासन से लगातार मांगी जा रही रिपोर्ट

एसोसिएशन अध्यक्ष होतम सिंह और उपाध्यक्ष प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि कलुआराम मंडी को लेकर मंडी और प्रशासनिक अधिकारियों की जांच आख्या शासन को भेजी जा चुकी है। व्यापारियों की शिकायतों के संबंध में भी मंडी और प्रशासन के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी जा रही है। यहां से लगातार रिपोर्ट शासन को भेजी गई हैं। उनका आरोप है कि शासन स्तर से आने वाले पत्र बीच में गायब हो रहे हैं। इसकी शिकायत वे डीएम से करेंगे। बताया कि कलुआराम मंडी उपस्थल की अधिसूचना निरस्त कराने के मामले में प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी से मिलेगा।


## कुत्तों को खाना खिलाने से रोका तो भड़के पशु प्रेमी

**आगरा।** थाना न्यू आगरा पुलिस पर पुष्पांजलि बाग सोसाइटी के डॉग फीडर्स को लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगा है। इसमें फीडर्स से सोसाइटी परिसर में कम्युनिटी डॉग्स को खाना नहीं खिलाने की बात लिखवाई गई है। पशु प्रेमियों ने इसे गैरकानूनी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन बताया है। उनका कहना है कि कुत्तों को भोजन उपलब्ध कराना और उन्हें खाना खिलाना नागरिकों का अधिकार है।

एसपीसीए के बैनर तले एसपीसीए की सदस्य और कैस्पर्स होम की संचालिका विनीता अरोरा सहित पशु प्रेमियों ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए अपनी समस्याएं रखीं।

उन्होंने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स, 2023 के अनुसार कुत्ते के काटने, फीडिंग प्वाइंट तय करने, खाना खिलाने से जुड़े विवादों के समाधान, नसबंदी, टीकाकरण और कुत्तों को दूसरी जगह ले जाने से जुड़े मामलों का अधिकार क्षेत्र स्थानीय प्राधिकरण यानी आगरा नगर निगम के पास है। पुलिस के पास इन मामलों में निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। पशु प्रेमियों ने कहा कि नियम 20 के तहत फीडर्स से सलाह लेकर कुत्तों को खाना खिलाने के स्थान तय किए जाने चाहिए। पुलिस का दायित्व फीडर्स की सुरक्षा करना और पशु क्रूरता या उन्हें परेशान करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस के दबाव में कराया गया समझौता कानून की नजर में अमान्य है। इस अवसर पर संजय मल्होत्रा, सारिका तिवारी, रुद्रांश तिवारी आदि मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे पशु प्रेमी।



रक्षाबंधन मना रहे हैं !

**शहर 30s**

### हादसे में दोषियों की गिरफ्तारी हो

**आगरा।** मदिया कटरा पर सड़क हादसे में शाकिर की मौत तथा बंटी के गंभीर रूप से घायल होने के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने लोहामंडी थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह से मुलाकात की। घटना के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। सपा नेता विनय अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष पवन प्रजापति, अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उस्मान अब्बास, महानगर उपाध्यक्ष मधुकर अरोरा एवं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सतीश चाहर मौजूद रहे।

### बीओबी का यूपीआई ग्लोबल रिवर्स एक्सेप्टेंस शुरू

**आगरा।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने गुरुवार को यूपीआई ग्लोबल रिवर्स एक्सेप्टेंस को शुरू किया। चुनिंदा देशों के विदेशी वॉलेट/भुगतान एप्लीकेशन उपयोगकर्ताओं को अपने घरेलू बैंकिंग या भुगतान एप्लीकेशन का उपयोग करके पूरे भारत में बैंक ऑफ बड़ौदा यूपीआई क्यूआर मर्चेंट पर आधारित तरीके से अंतर्राष्ट्रीय क्यूआर भुगतान करने में सक्षम बनाता है। यह पहल बैंक के मर्चेंट नेटवर्क में अंतर्राष्ट्रीय क्यूआर भुगतान स्वीकृति की सुविधा उपलब्ध कराएगी। जिससे अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के लिए भुगतान सुविधा बेहतर होगी। इस कड़ी में सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, भूटान, मारीशस, श्रीलंका, अमेरिका, कतर और फ्रांस आदि हैं।

### फर्जी मतदाता बनाए जाने की आयोग से शिकायत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर आगरा शिक्षक खंड निर्वाचन-2026 की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाता बनाए जाने की शिकायत की है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर केके श्रीवास्तव, डा. हरिश्चंद्र सिंह और राधेश्याम सिंह की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हाथरस, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कन्नौज में 15 हजार से अधिक फर्जी मतदाता शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए हैं। करीब 125 विद्यालय अस्तित्व में नहीं हैं।

### धोखाधड़ी के आरोपी को जमानत नहीं

**आगरा।** कृषि भूमि का फर्जी व्यक्तियों को खड़ा कर बैनामा करा धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गजेंद्र सिंह निवासी ग्राम झारोठी तुरकिया अछनेरा को राहत नहीं मिली है। जिला जज संजय कुमार मलिक ने आरोपित का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। अभियोजन की ओर से डीजीसी राधाकृष्ण गुप्ता एवं वादी के वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रकाश शर्मा, हर्षुल राठौर ने जमानत अर्जी का विरोध किया। वादी सुभाष चंद एवं अन्य ने संयुक्त रूप से थाना किरावली में तहरीर देकर अपनी कृषि भूमि का फर्जी तरीके से आरोपित पर बैनामा कराने का आरोप लगाया था।

## दिव्यांग बच्चों को दिए जाएंगे सहायक उपकरण एवं यंत्र

**आगरा, विशेष संवाददाता।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद में परिषदीय, राजकीय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण एवं यंत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए एलिम्को कानपुर के सहयोग से संबंधित विकासखंडों में मापन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

बीएसए डॉ.राकेश सिंह ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने से पूर्व मापन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके लिए विकास खंडवार शिविर निर्धारित किए गए हैं। जगनेर में 27 अगस्त, पिनाहट में 29 अगस्त,

■ **एक सितंबर तक होंगे मापन शिविर, नवंबर में होगा उपकरणों का वितरण**

बरौली अहीर में 31 अगस्त तथा बिचपुरी में एक सितंबर 2026 को संबंधित बीआरसी पर मापन शिविर आयोजित होंगे। मापन के बाद चयनित एवं पात्र दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जगनेर में 2 नवंबर, पिनाहट में 3 नवंबर, बरौली अहीर में 4 नवंबर तथा बिचपुरी में 5 नवंबर को वितरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीएसए ने संबंधित विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को मापन शिविर में अवश्य लेकर पहुंचें।

## दिल्ली के ले. गवर्नर तीन दिनी प्रवास पर आज आगरा आएंगे

**आगरा।** दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर तरनजीत सिंह संधू तीन दिनी प्रवास पर शुक्रवार को आएंगे। वह यहां अपने परिवार के साथ ताजमहल और आगरा किला का दीदार करेंगे। एक दिन दयालबाग शिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राओं से संवाद करने भी जाएंगे।

लेफ्टिनेंट गवर्नर तरनजीत सिंह संधू और उनकी पत्नी आर संधू 28 अगस्त को शाम चार बजे ताजमहल पूर्वी गेट स्थित एक सितारा होटल पहुंचेंगे। वहां से शाम छह बजे आगरा किला में ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम देखने जाएंगे। 29 अगस्त को सुबह 11 बजे दयालबाग शिक्षण संस्थान की विजिट करेंगे। रात आठ बजे ताजमहल का दीदार करने के लिए जाएंगे। 30 अगस्त को सुबह सात बजे सूर्योदय में ताजमहल को निहारने के लिए जाएंगे।

## ताज देखने आईं दो बुजुर्ग महिलाएं व बच्चा बिछड़ा

**आगरा, विशेष संवाददाता।** ताजमहल घूमने आए पर्यटकों के बिछड़ने की दो अलग-अलग घटनाओं में ताज सुरक्षा पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक छह वर्षीय बच्चे समेत दो बुजुर्ग महिलाओं को उनके परिजनों से सकुशल मिला दिया गया। पुलिस ने रेडियो अनाउंसमेंट और आरटी सेट से सूचना प्रसारित कर 20-30 मिनट में तीनों को खोज लिया।

राजस्थान के जोधपुर से आए भोजराज मीना का छह वर्षीय पुत्र आरब मीना पश्चिमी प्रवेश द्वार स्थित टिकट विंडो के पास भीड़ में परिजनों से बिछड़ गया। रोते हुए बच्चे को देखकर उप निरीक्षक शिवराज सिंह ने उससे जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में करीब 20 मिनट में बच्चे के परिजनों को खोजकर उसे सकुशल सौंप दिया गया।

मेरठ के बेगमपुल निवासी सोहेल अपनी 70 वर्षीय मां कुबरा बेगम और 65 वर्षीय मौसी जमीला बेगम के साथ ताजमहल देखने आईं थीं। दोपहर करीब तीन बजे पश्चिमी प्रवेश द्वार से बाहर निकलते समय दोनों बुजुर्ग महिलाएं उनसे बिछड़ गईं। सोहेल ने ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को सूचना दी। पुलिस ने करीब 30 मिनट में दोनों महिलाओं को खोजकर सोहेल से मिला दिया। टीम में मुख्य आरक्षी शालिनी शर्मा और आरक्षी दुर्गेश कुमार भी रहे।

## डिजिटल टिकटिंग से बढ़ी आमदनी

**आगरा।** रेल यात्रियों का रुझान डिजिटल टिकटिंग की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त अवधि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। रेल यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। टिकटों की बिक्री भी बढ़ गई है। इससे रेलवे को गत वर्ष की तुलना में इस बार 61.71 प्रतिशत अधिक आमदनी हुई है। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त तक डिजिटल माध्यम से टिकट खरीदने वाले यात्रियों की संख्या 6.30 लाख से बढ़कर 9.92 लाख हो गई है। डिजिटल माध्यम से खरीदे गए कुल टिकटों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

## नगर निगम ने कार एजेंसी पर ठोंका 30 हजार जुर्माना

**आगरा, प्रमुख संवाददाता।** मुगल रोड स्थित कार कंपनी केटीएल के खिलाफ नगर निगम ने सड़क पर गंदगी फैलाने और सड़क पटरी पर अतिक्रमण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपये जुर्माना वसूला। नगर निगम की कार्रवाई से आसपास के अन्य वाहन सर्विस सेंटर और प्रतिष्ठानों में भी हड़कंप मच गया।

एसएफआई रोहित वर्मा ने बताया कि नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कंपनी परिसर में कारों की धुलाई के दौरान निकलने वाले गंदे पानी और अन्य गंदगी का उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा धुलाई से निकलने वाले पानी को किसी चेंबर अथवा निर्धारित निकासी व्यवस्था में डालने के बजाय सीधे सड़क पर बहाया जा रहा था। इससे सड़क पर गंदगी और फिसलन की स्थिति पैदा होने के साथ ही आसपास के लोगों को भी परेशानी हो रही थी।

■ **धुलाई का पानी और गंदगी सड़क पर बहाने और पटरी पर कारें खड़ी करने पर कार्रवाई**

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कारों की धुलाई के बाद उन्हें सड़क की पटरी और सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता था। बड़ी संख्या में वाहनों के सड़क पर खड़े होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की टीम ने स्थिति का निरीक्षण किया। जांच में सड़क पर पानी और गंदगी बहाने तथा सड़क पटरी के उपयोग से यातायात प्रभावित होने की शिकायतें सही पाई गईं। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूल किया। अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन को भविष्य में अनियमितताएं न बरतने की हिदायत दी।

## प्रतियोगिताओं में रेलकर्मियों ने दिखाया दमखम

**आगरा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे मंडल द्वारा मेजर ध्यानचंद की स्मृति में 25 से 29 अगस्त तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को हुई प्रतियोगिताओं में रेलकर्मियों और उनके बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने बताया कि खेल महोत्सव में रनिंग की 100 व 400 मीटर कर्मचारी वर्ग में जितेंद्र प्रथम रहे। 100 मीटर बालक वर्ग में राज सिंह और बालिका वर्ग में सिद्धी भटनागर विजेता बने। बैडमिंटन में ऑफिसर किड्स (ए-13) बालक वर्ग में अर्श गुप्ता और बालिका वर्ग में राशि बघेल ने पहला स्थान हासिल किया।

## युवा संवाद में खेल प्रतिभाओं ने साझा किए अपने अनुभव

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के पालीवाल परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा संवाद आयोजित किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने की, जबकि समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मो. अरशद मुख्य अतिथि रहे।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना, जिसमें उन्होंने युवाओं को खेलो इंडिया अभियान से जुड़ने और खेलों को भविष्य के रोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज कुशवाह, डॉ. आभा सिंह , आयुष मंगल रहे। ऐलिस, निखिल कुमार और शुभम सिंह ने संवाद में प्रतिभाग किया।

**विद्यार्थियों ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन:** आगरा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण सुना। कार्यक्रम के दौरान टू-वे इंटरैक्शन और युवा संवाद का आयोजन हुआ। यूथ आइकॉन्स उत्कर्ष कुमार, जयकिशन रावत, स्वर्णा चौधरी और खेल प्रतिभा मनन जैन के साथ परिचर्चा हुई। इस अवसर पर आयोजित पुश-अप प्रतियोगिता में हरदीप प्रथम, युवराज द्वितीय तथा कृष्णा तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य प्रो. सीके गौतम, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, संजय शर्मा आदि रहे।

## आधुनिक कौशल और खेल संस्कृति को अपनाएं युवा

**आगरा।** दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स और खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को केवल औपचारिक डिग्री तक सीमित न रहकर आधुनिक कौशल, तकनीकी नवाचार और खेल संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस समन्वयक डॉ. सनिल कुमार, डॉ. रजनीश कुमार मीना, डॉ. भावना जोहरी, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. मोनिका तिवारी, साहिल अरोड़ा, सिमरीत कौर तथा युक्ति मदनानी मौजूद रहीं।

## खेल जगाते हैं अनुशासन व नेतृत्व की भावना

**आगरा, वरिष्ठ संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेरा युवा भारत, आगरा की ओर से गुरुवार को एसएन मेडिकल कॉलेज में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ' कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने युवाओं से खेलों से जुड़ने, नियमित फिटनेस अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

प्रो. बघेल ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, आगरा डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। शूटिंग स्पोर्ट्स पर्सन डॉ. हिमालय ने युवाओं से संवाद करते हुए अपने खेल अनुभव साझा किए। इस मौके पर डॉ. नीतू चौहान, गीतू सिंह, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. ब्रजेश शर्मा, अंबर गुप्ता, लोकेंद्र, विनीत, अजय आदि मौजूद रहे।


एसएनएमसी में 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ' कार्यक्रम हुआ।

HMA We Believe in Quality only

**एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**सीआईएन: L74110UP2008PLC034977**
**पंजीकृत पताः 18ए/5/3 ताजव्यू क्रॉसिंग फतेहाबाद रोड आगरा उत्तर प्रदेश – 282001**
**ई-मेल आईडी: cs@hmaagro.com; वेबसाइट: www.hmagroup.co, मोबाइल नंबर +91-7217018161**

**एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 18वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना**

एतद्वारा सूचीत किया जाता है कि **एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कंपनी'') की 18वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को दोपहर 3:30 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी'')/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ('ओवीएएम) के जरिए, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, जो कंपनी अधिनियम, 2013 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के सभी लागू प्रावधानों तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों का पालन करते हुए, साथ ही इस मामले में **कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय** (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया **(सेबी)** द्वारा इस संबंध में जारी संबंधित सर्कुलर के अनुसार आयोजित की जाएगी। 18वीं एजीएम का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

उपरोक्त एमसीए एवं 'सेबी' द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार, **18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना** में सम्मिलित टिप्पणियों सहित **एजीएम की सूचना** तथा **वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट** की इलेक्ट्रॉनिक प्रति केवल उन सदस्यों को **बुधवार, 26 अगस्त, 2026** को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है, जो **शुक्रवार, 21 अगस्त, 2026** को कंपनी के शेयरधारक थे तथा जिनके ई-मेल पते **कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) और रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)** के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएंगी, जो इसके लिए **cs@hmaagro.com** पर अनुरोध करेंगे।

**सेबी** (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसार, उन सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु वेब-लिंक उपलब्ध कराने वाला पत्र भेजा गया है, जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं कराए हैं।

**ई-वोटिंग एवं रिमोट ई-वोटिंग संबंधी सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों, यथासंशोधित, के अनुपालन में, कंपनी ने **नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल'')** की सेवाएँ ई-वोटिंग सुविधा, जिसमें रिमोट ई-वोटिंग भी शामिल है, प्रदान करने हेतु अधिकृत एजेंसी के रूप में ली हैं।

**सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:**

1. कंपनी अपने सदस्यों को 18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में निधारित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना मत देने हेतु रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।
2. रीमोट ई-वोटिंग **मंगलवार, 15 सितंबर, 2026 को प्रातः 9:00 बजे (IST) शुरू होगी और गुरूवार, 17 सितंबर, 2026 को सांय 5:00 बजे (IST)** समाप्त होगी।
3. रिमोट ई-वोटिंग अथवा 18वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने हेतु **कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 होगी।** वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत गणपूर्ति (कोरम) की गणना के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।
4. 18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.hmagroup.co** पर, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् **बीएसई लिमिटेड** की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं। यह नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध है।
5. कोई भी व्यक्ति, जो 18वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल द्वारा भेजे जाने के पश्चात कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है तथा **11 सितंबर, 2026 (''कट-ऑफ तिथि'')** को शेयर धारण करता है, वह **एनएसडीएल** को **evoting@nsdl.co.in** या कंपनी के ई-मेल पते **cs@hmaagro.com** पर अनुरोध भेजकर अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
6. **17 सितंबर, 2026** को सांय 5:00 बजे के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
7. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दिया है, वे 18वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान **एनएसडीएल** द्वारा उपलब्ध कराई गई इलेक्ट्रानिक वोटिंग सुविधा के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।
8. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दे दिया है, वे **18वीं वार्षिक आम बैठक** में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे पुन: मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। वह सदस्य, जिसका नाम **शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026, अर्थात् कट-ऑफ तिथि** को **सदस्यों के रजिस्टर** में दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग तथा **एजीएम के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग** की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
9. जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने **डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP)** अथवा कंपनी के **रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ('आरटीए')** के माध्यम से **https://www.bigshareonline.com/InvestorRegistration.aspx** पर अपना ई-मेल पता पंजीकृत करा लें। **एनएसडीएल के साथ रिमोट ई-वोटिंग हेतु पहले से पंजीकृत सदस्य अपना मत देने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।**
10. कंपनी ने **मैसर्स आर.सी. शर्मा एंड एसोसिएट्स** के प्रोपराइटर **श्री आर.सी.शर्मा**, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज **(FCS:5524)** को ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है।
11. रिमोट ई-वोटिंग तथा **एजीएम** में डाले गए मतों के परिणाम **एजीएम** के समापन से **दो कार्य** दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे। घोषित परिणाम, स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ, घोषणा के तुरंत बाद कंपनी की वेबसाइट **www.hmagroup.co** पर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा बीएसई लिमिटेड और एनएसई लिमिटेड अर्थात् स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किए जाएंगे।
12. **एजीएम** से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी प्रश्न अथवा शिकायत के मामले में सदस्य **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध **'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (एफएक्यू)** और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा **सुश्री पल्लवी म्हात्रे, उपाध्यक्ष,** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (''एनएसडीएल''), से संपर्क कर सकते हैं या **evoting@nsdl.com** पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 022-48867000 पर संपर्क कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कंपनी के सभी सदस्यों के लाभ के लिए जारी की जा रही है और यह एमसीए परिपत्र(ओं) और सेबी परिपत्र(ओं)के अनुपालन में है।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**निखिल सुंदरानी**
**कंपनी सचिव**

**दिनांक : 27 अगस्त, 2026**
**स्थान : आगरा**